# देश में पेट्रोल-डीजल की मांग बढ़ी

## वेंडर्स ने भी 10 से 25 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाईं, आम जनता पर असर

**नई दिल्ली, 18 मार्च. देश में ईंधन संकट के संकेत दिखने लगे हैं. मार्च के पहले हफ्ते में खपत 17 प्रतिशत घट गई, जबकि पेट्रोल और डीजल की मांग में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई. वेस्ट एशिया में युद्ध के कारण सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिसका असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है.**



कमर्शियल गैस महंगी होने से 57 प्रतिशत रेस्टोरेंट्स और आधे से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर्स ने खाने के दाम बढ़ा दिए हैं, जिससे महंगाई का दबाव और बढ़ गया है. वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब भारत के ईंधन बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है. मार्च के पहले सप्ताह में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की खपत में 17 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. सरकारी तेल कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में एलपीजी की खपत 1.147 मिलियन टन रही, जो पिछले साल इसी समय 1.387 मिलियन टन थी. वहीं, पेट्रोल की बिक्री 13.2प्रतिशत और डीजल की 8.2प्रतिशत बढ़ी है. इस असंतुलन का सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ा है. कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर महंगे होने से देशभर में 57 प्रतिशत रेस्टोरेंट्स और 54 प्रतिशत स्ट्रीट वेंडर्स ने खाने के दाम बढ़ा दिए हैं. कई जगहों पर ग्राहकों के बिल में 'एलपीजी रिवीजन शुल्क' भी जोड़ा जा रहा है. छोटे दुकानदार अब लकड़ी, कोयले और इंडक्शन जैसे विकल्प अपनाने लगे हैं.

> सरकार का कहना है कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और सप्लाई सामान्य है. दरअसल, 28 फरवरी 2026 को ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव बढ़ गया, जिससे सप्लाई प्रभावित हुई. भारत अपनी 80-85त्न एलपीजी जरूरत इसी मार्ग से पूरी करता है. हालांकि, राहत के संकेत भी मिले हैं. 'नंदा देवी' और 'शिवालिक' जैसे जहाज बड़ी मात्रा में एलपीजी लेकर भारत पहुंचे हैं. सरकार सप्लाई को स्थिर करने और महंगाई को नियंत्रित करने के प्रयासों में जुटी है.

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है.

## रुपया 12 पैसे टूटकर नए निचले स्तर पर

**मुंबई, 18 मार्च.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 11.75 पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 92.40 रुपये बोला गया. यह भारतीय मुद्रा का रिकॉर्ड निचला स्तर है.

पिछले कारोबारी दिवस पर यह 1.75 पैसे की मजबूती के साथ 92.2825 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. रुपया आज शुरू से ही दबाव में रहा. यह 6.75 पैसे टूटकर 92.35 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा. यह ऊपर 92.35 रुपये और नीचे 92.4775 रुपये प्रति डॉलर तक गया. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब दो प्रतिशत की तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाल रहने से रुपये पर दबाव रहा.

# भारतीय शेयर बाजारों में आई तेजी

**633** अंक की बढ़त पर रहा सेंसेक्स

**196** अंक पर चढ़ा निफ्टी



**मुंबई, 18 मार्च. आईटी और ऑटो सेक्टरों में जबरदस्त तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 633.29 अंक ( 0.83 प्रतिशत ) की बढ़त के साथ 76,704.13 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ.**

यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का एक सप्ताह का उच्चतम स्तर है. मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर अधिक रहा. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.67 प्रतिशत उछल गया. आईटी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी और मीडिया समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी देखी गयी. बैंकिंग, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक भी बढ़त में रहे. सिर्फ एफएमसीजी और धातु समूहों में हल्की गिरावट रही. सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल और टेक महिंद्रा के शेयर सवा तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुए. इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और टीसीएस के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत तक तेजी रही. एक्सिस बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल, इंडिगो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गयी. रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे.

# इलेक्ट्रिक कार निर्माता ने शुरू किया अपना सबसे बड़ा शोरूम

**नई दिल्ली, 18 मार्च. चीन की इलेक्ट्रिक कार निर्माता बीवाईडी ने वितरक पीपीएस मोटर्स के साथ मिलकर दिल्ली में बुधवार को अपने सबसे बड़े शोरूम का शुभारंभ किया.**

राष्ट्रीय राजधानी के मोतीनगर इलाके में लगभग 9,000 वर्ग फुट में फैले इस शोरूम का उद्घाटन कंपनी की भारतीय इकाई बीवाईडी इंडिया के इलेक्ट्रिक कार कारोबार के प्रमुख राजीव चौहान और पीपीएस मोटर्स के प्रबंध निदेशक राजीव सांघवी ने किया. श्री चौहान ने बताया कि यह देश में बीवाईडी का 48वां और दिल्ली-एनसीआर में छठा शोरूम है. मोती नगर में स्थित यह शोरूम कंपनी के लिए एक मील का पत्थर है. फिलहाल इस शोरूम में प्रीमियम रेंज के दो कार मॉडल %सीलॉयन 7 और सील प्रीमियम सेडान उपलब्ध हैं. श्री चौहान ने बताया कि जल्द ही यहां सात प्रमुख मॉडल उपलब्ध करवाने की कोशिश होगी. उन्होंने कहा कि ब्लेड बैट्री से युक्त ये कारें पूरी तरह सुरक्षित और टिकाऊ हैं. उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में ग्राहकों को उन्नत इलेक्ट्रिक कार उपलब्ध करवा कर हम देश के स्वच्छ परिवहन में अपना योगदान देना चाहते हैं. श्री सांघवी ने कहा कि पीपीए मोटर्स बीवाईडी के साथ मिलकर ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नत तकनीक वाली इन प्रीमियम कारों को लोगों तक पहुंचाना चाहता है. उन्होंने उम्मीद जतायी कि देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक कार बाजार दिल्ली में ये कारें लोगों को आकर्षित करेंगी.

# 3 दिन में टूटा बाजार, सोना हुआ सस्ता

**1.55** लाख पर आया सोना

**2.50** लाख के पास पहुंची चांदी

**नई दिल्ली, 18 मार्च. वैश्विक अनिश्चितता और युद्ध जैसे हालात आमतौर पर सोने-चांदी की कीमतों को मजबूती देते हैं, लेकिन इस बार तस्वीर उलटी नजर आ रही है. अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच जहां निवेशकों को सुरक्षित निवेश की ओर भागना चाहिए था, वहीं उन्होंने उल्टा कीमती धातुओं से दूरी बनानी शुरू कर दी है.**



इसका सीधा असर बाजार पर पड़ा है, जहां सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली है. पिछले कुछ दिनों में सोना अपने रिकॉर्ड स्तर से काफी नीचे आ गया है, जबकि चांदी में तो और भी बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है. निवेशकों की रणनीति में बदलाव, मुनाफा वसूली और कैश की बढ़ती मांग ने इस गिरावट को और तेज कर दिया है.

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, सोना और चांदी दोनों में लगातार तीसरे दिन कमजोरी दर्ज की गई है. एक किलो चांदी की कीमत करीब 2,177 घटकर 2.50 लाख पर पहुंच गई है, जबकि 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.55 लाख के स्तर पर आ गया है. सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह गिरावट ऐसे समय में आई है जब वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है.

> सोने की कीमत जहां जनवरी के अंत में 1.76 लाख प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी, वहीं अब यह करीब 20 हजार तक सस्ती हो चुकी है. वहीं चांदी 3.86 लाख प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर से गिरकर 2.50 लाख के करीब आ गई है, जो भारी गिरावट को दर्शाता है.

## मारुति सुजुकी को 5,786 करोड़ के आयकर का नोटिस

**मुंबई, 18 मार्च.** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी को आयकर विभाग से 5,786.4 करोड़ रुपये का नोटिस प्राप्त हुआ है. कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसे 16 मार्च 2026 को आयकर विभाग से वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रारूप आकलन आदेश प्राप्त हुआ है. इसमें संबंधित वित्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा घोषित आय में विभाग ने कुछ और आय जोड़ा है जबकि कुछ छूटों को खारिज कर दिया है. इस प्रकार विभाग ने अतिरिक्त आयकर की मांग की है. कंपनी ने कहा है कि वह इसके खिलाफ विवाद समाधान पैनल के समक्ष आपत्ति दर्ज करेगी. इस आदेश का उसके वित्त, परिचालन और अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं होगा.

# तनाव के बीच तेल बाजार तीन प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली, 18 मार्च. वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आई गिरावट ने ऊर्जा बाजार को चौंका दिया है. आमतौर पर युद्ध या तनाव के हालात में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, लेकिन इस बार बाजार ने अलग रुख दिखाया है.**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में 3 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों में अनिश्चितता और सतर्कता दोनों बढ़ गई है. तेल बाजार इस समय कई परस्पर विरोधी संकेतों से जूझ रहा है. एक ओर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव सप्लाई को लेकर चिंता पैदा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर निवेशकों की मुनाफावसूली और मांग को लेकर आशंकाएं कीमतों पर दबाव बना रही हैं. इस उतार-चढ़ाव का असर केवल अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय बाजार भी इससे अछूता नहीं रहा.

एमसीएक्स पर भी कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है. ऐसे में आने वाले दिनों में तेल बाजार की दिशा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी असर डाल सकती है. वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में बुधवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जिससे ऊर्जा बाजार में हलचल मच गई है.

# वीआईटी ने बैच के लिए 10 हजार प्लेसमेंट ऑफर पार किए

## सफलता की विरासत

**चेन्नई, 18 मार्च.** वीआईटी हायर एजुकेशन में बेहतरीन काम को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है, 2026 बैच के लिए 10,000 प्लेसमेंट ऑफ़र पार करके एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ है. यह उपलब्धि, खास तौर पर चौथी बार, कैंपस रिक्रूटमेंट के लिए एक पावरहाउस के तौर पर इसकी प्रतिष्ठा को और पक्का करती है.



लेटेस्ट प्लेसमेंट डेटा एक मज़बूत इकोसिस्टम को दिखाते हैं जहाँ एकेडमिक सख्ती इंडस्ट्री की डिमांड को पूरा करती है. 701 कंपनियों से पहले ही 10,071 ऑफ़र मिल चुके हैं, रिक्रूटमेंट ड्राइव के धीमा होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है. इस सीज़न की एक खास बात 1 करोड़ का सबसे ज़्यादा सालाना पैकेज है, जो वीआईटी स्टूडेंट्स की ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है. मार्की ऑफ़र- 696 (सीटीसी 20 एलपीए और उससे ज़्यादा). सुपर ड्रीम ऑफ़र- 2,292 (सीटीसी 10 एलपीए और उससे ज़्यादा). ड्रीम ऑफ़र- 3,333 (सीटीसी 6 एलपीए और उससे ज़्यादा). इन आंकड़ों में इंटर्नशिप और फुल-टाइम प्लेसमेंट दोनों शामिल हैं, जो वीआईटी की बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ सफल पार्टनरशिप को दिखाते हैं. लगातार इंडस्ट्री के लिए तैयार ग्रेजुएट बनाकर, वीआईटी शिक्षा और नौकरी के बीच के अंतर को कम कर रहा है, और यह पक्का कर रहा है कि इसके छात्र बदलती ग्लोबल इकॉनमी में लीड करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों. 2026 बैच के लिए, भविष्य न सिर्फ अच्छा दिख रहा है - बल्कि यह बहुत सुरक्षित भी दिख रहा है!

## चावल-चीनी नरम, गेहूं मजबूत, दालों-खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, 18 मार्च ( वार्ता )** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत घट गयी. चावल से साथ चीनी में भी नरमी रही. गेहूं में मजबूती देखी गयी जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा. औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रु. टूटकर 3,840 रु. प्रति क्विंटल रह गयी. गेहूं पांच रुपये महंगा हुआ और 2,808 रु. प्रति क्विंटल बोला गया. आटे की कीमत भी पांच रुपये बढ़ गयी.दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया. तुअर दाल की औसत कीमत 18 रु. प्रति क्विंटल गिर गयी. चना दाल भी पांच रुपये सस्ती हुई. वहीं, मसूर दाल 40 रु. और मूंग दाल 19 रु.महंगी हुई. उड़द दाल का भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया. विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 49 रिंगिट फिसलकर 4,532 रिंगिट प्रति टन पर आ गया.

# मेरठ में जल्द बनेगा ज्वैलरी पार्क : गोयल

**मेरठ, 18 मार्च. मेरठ में जल्द ही ज्वैलरी पार्क बनने वाला है. केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्वर्ण व्यापारियों से मुलाकात कर इस परियोजना को लेकर आश्वासन दिया. शहर के बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन और जेम्स एंड ज्वैलरी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को सुझाव दिए और विकास के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की.**



मेरठ विकास प्राधिकरण ने इसके लिए 40,000 मीटर भूमि संरक्षित की है और परियोजना का सर्वे 2019-20 में पहले ही हो चुका है. मेरठ में जल्द ही एक आधुनिक ज्वैलरी पार्क बनने जा रहा है. इसके लिए केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्वर्ण व्यापारियों से मुलाकात कर आश्वासन दिया. यह बैठक डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी के साथ दिल्ली में आयोजित की गई, जिसमें मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन और मेरठ जेम्स एंड ज्वैलरी फेडरेशन के प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में केंद्रीय मंत्री ने व्यापारियों के सुझाव सुने और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया.

बुलियन एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनंद अग्रवाल ने बताया कि सभी विभाग इस कार्य के लिए संगठित रूप से काम कर रहे हैं. ज्वैलरी पार्क के निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, परियोजना के लिए मेरठ विकास प्राधिकरण ने 40,000 मीटर भूमि संरक्षित कर दी है.

2019-20 में इस परियोजना का सर्वे पूरा हो चुका था और अब इसे क्रियान्वित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है. डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि परियोजना से न केवल शहर के स्वर्ण व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे. उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे. इस बैठक में प्रदीप अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, ऋषभ माहेश्वरी, विपिन अग्रवाल, मनोज वर्मा, अमित रस्तौगी और विपुल अग्रवाल जैसे प्रमुख व्यापारियों ने हिस्सा लिया. ज्वैलरी पार्क के बनने से मेरठ का स्वर्ण उद्योग और अधिक सशक्त होगा और यह भारत के ज्वैलरी उद्योग में मेरठ की महत्वपूर्ण भूमिका को और बढ़ावा देगा.

# केरलम चुनाव में तेजस्वी यादव की एंट्री

**पटना. चुनाव आयोग ने रविवार को पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. इस बीच अब आरजेडी ने भी केरलम में चुनाव लड़ने का मन बना लिया है. इसके साथ ही उन्होंने अपने सहयोगी दल के बारे में जानकारी दी है.**



राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने केरल की सत्तारूढ़ एलडीएफ के साथ चुनाव लड़ने का ऐलान किया है. अब इसको लेकर तेजस्वी यादव का एक बयान भी सामने आया है. तेजस्वी यादव ने रविवार को चुनाव के ऐलान के बाद कहा कि उनकी पार्टी आगामी केरल विधानसभा चुनाव सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के हिस्से के रूप में लड़ेगी. दरअसल, राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने यह घोषणा बिहार में आरजेडी की अगुवाई वाले महागठबंधन के विधायकों के साथ एक बैठक के बाद की. यह बैठक राज्य में राज्यसभा की 5 सीटों के लिए वोटिंग से कुछ घंटे पहले रविवार को बुलाई गई थी. इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा कि केरलम में आरजेडी, एलडीएफ के हिस्से के तौर पर चुनाव लड़ने जा रही है. हम पहले भी केरल में चुनाव लड़ चुके हैं. हमें उम्मीद है कि हम एलडीएफ को राज्य की सत्ता में बनाए रखने में मदद करेंगे.


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं एक्स आर्मी मैन गोपाल सोलंकी आर्मी नंबर 15213498-अ, रैंक-सिपाही, यूनिट-210 रॉकेट रेजिमेंट आटलरी (तोपखाना) निवासी ग्राम बंग्रेड तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456771 घोषित करता हूँ कि पूर्व में आर्मी रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम हेमलता व पुत्र का नाम विनीत लिखा गया है जो की सही नहीं है। पुत्री का सही नाम हेमलता सोलंकी Hemlata Solanki व पुत्र का नाम विनीत सोलंकी Vineet Solanki है। अतः भविष्य में उन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील - खरगोन नगर, जिला खरगोन, म.प्र.**

एच- क्रमांक / 642 / वाचक-नगर / 2026 खरगोन, दिनांक 17/03/2026

// विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान् कलेक्टर महोदय जिला खरगोन का पत्र क्रमांक / 0013/वाचक-1/2026 खरगोन दिनांक 2025/2026 अनुसार आवेदक मुख्य नगरपालिका अधिकारी खरगोन द्वारा खरगोन को नगर परिषद कार्यालय के नवीन भवन हेतु ग्राम / कस्बा खरगोन स्थित भूमि सर्वे नंबर 195 रकबा 6.5070 हेक्टे. मे से पैकी रकबा 1.100 हेक्टे. भूमि की मांग की जा रही है। आवेदन में म.प्र.नजूल निर्वर्तन नियम 2020 के अन्तर्गत निहित प्रावधानों के तहत परीक्षण कर, भूमि आवंटन हेतु जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय से चाहा गया है।

आवेदन में म.प्र. नजूल निर्वर्तन नियम 2020 के अन्तर्गत निहित प्रावधानों के तहत परीक्षण कर, भूमि आवंटन हेतु जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय से चाहा गया है। उक्त के संबंध मे यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन के नियत पेशी तारीख 01/04/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या किसी अभिभाषक अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति न्यायालयीन कार्य दिवस में न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है । नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 17/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील खरगोन नगर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 139/सिविल/25-26/ग्रुप न.-01 से ग्रुप न.-09 तक

**निविदा आमंत्रण**

दिनांक: 12.03.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR Date - 08-11-2025 /NON SOR/ BUILDING SOR DATE - 02-08-2021 पर आधारित) ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_489775_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 39 के अन्तर्गत अशरफ नगर में सबीर दादा वाली गली एवं आयशा मस्जिद के पास सिमेन्टीकरण करना। | 120 दिवस ₹18,69,514/- | ₹2,000/- ₹14,100/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 02 | 2026_UAD_489776_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 12 के अन्तर्गत गोविन्द कॉलोनी गड्डे में बघेल जी की छोटी वाली तरफ की सड़क का सिमेन्टीकरण करना। | 120 दिवस ₹19,54,512/- | ₹2,000/- ₹14,700/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 03 | 2026_UAD_489777_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अन्तर्गत कुशवाह श्री नगर गली न. 01 व लगी गलियों में सिमेन्टीकरण करना। | 180 दिवस ₹25,37,972/- | ₹5,000/- ₹19,100/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 04 | 2026_UAD_489779_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 के अन्तर्गत कुम्हारखाड़ी में एम.के.वी.वी. स्कूल वाली क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सड़क का निर्माण करना। (पार्षद निधि) | 180 दिवस ₹29,03,718/- | ₹5,000/- ₹21,800/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 05 | 2026_UAD_489781_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 16 के अन्तर्गत नंदबाग ऑफिस वाला रोड़, व्यंक्टेश विहार, नंदबाग ई सेक्टर एवं अन्य स्थानों पर सिमेन्टीकरण करना। (पार्षद निधि) | 180 दिवस ₹31,17,177/- | ₹5,000/- ₹23,400/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 06 | 2026_UAD_489782_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 12 के अन्तर्गत दुर्गा नगर में शिशु वाटिका के आस पास गली न. 1 से 7 व लगी गलियों का सिमेन्टीकरण करना। | 240 दिवस ₹51,19,226/- | ₹10,000/- ₹38,400/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 07 | 2026_UAD_489784_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अन्तर्गत राम नगर की सड़को का सिमेन्टीकरण करना। | 240 दिवस ₹67,36,738/- | ₹10,000/- ₹50,600/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 08 | 2026_UAD_489786_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 12 के अन्तर्गत गोविन्द कॉलोनी स्थित सन्नी सरदार वाली गली व अन्य गलियों में सिमेन्टीकरण का कार्य करना। | 180 दिवस ₹20,00,397/- | ₹5,000/- ₹15,100/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |
| 09 | 2026_UAD_489787_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अन्तर्गत न्यू राम नगर नंदबाग रोड़ पर शा. माध्यमिक स्कूल के नवीन भवन का निर्माण कार्य करना। | 240 दिवस ₹1,11,98,275/- | ₹12,500/- ₹56,000/- | 13-04-2026 6.00 PM 15-04-2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
जनकार्य विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर



**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.

**इंदौर शाखा:** प्लॉट नंबर 4 एवं 5, शॉप नंबर 105,107,109, प्रथम मंजिल, शेखर सेंट्रल, पलासिया चौराहा, मनोरमागंज, ए.बी. रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश -452001

**इंदौर पिपलियाहाना शाखा:** प्लाट नं. बी 1, तीसरी मंजिल, ग्रेटर ब्रजेश्वरी, स्कीम नं. 140 पिपलियाहाना, इन्दौर, म.प्र. -452001

**पीथमपुर शाखा:** शॉप नंबर डीयूजीएफ-46 एवं डीयूजीएफ-47, सम्पत्ति नंबर 138 एवं 139, सुदर्शन कॉम्प्लेक्स एवं संस्कार वैली, महू-नीमच रोड़, पीथमपुर, जिला - धार (मध्य प्रदेश)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 ( 12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता (ओ)(शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 00310000610/ इंदौर शाखा) अजीज खान (ऋणी) निदी खान (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नं. 522/1, पैकी 522/1, 522/2/1 फ्लेट नं. 103, पहली मंजिल, श्रीराज अपार्टमेंट, साहिल कान्हा पार्क राऊ इंदौर मध्य प्रदेश 453331 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - एम.ओ.एस, पश्चिम - खुला क्षेत्र, उत्तर - कारिडोर, दक्षिण - एम.ओ.एस. | 09-01-2026 एवं ₹ 20,90,025/- | 17-03-2026 |
| 2 | (लोन कोड नं. 71710000150/ इंदौर पिपलियाहाना डायरेक्ट शाखा) पारस नामदेव (ऋणी) खुशबू नामदेव (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प.ह.नं. 59/117, तलमंजिल (कंचन विहार के नाम से ज्ञात-4) हाउसिंग बोर्ड पिथमपुर वार्ड नं. 28, प्लाट नं. 412 बगदून धार मध्य प्रदेश 454775 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - इसी सर्वे की शेष भूमि, पश्चिम - मकान नं. 413, उत्तर - रोड़, दक्षिण - मकान नं. 477 | 09-01-2026 एवं ₹ 8,86,067/- | 17-03-2026 |
| 3 | (लोन कोड नं. 05110000804 एवं 05110000837/ पिथमपुर शाखा) मोहम्मद सांवले शेख (ऋणी) समिना खातून एवं अरमान शेख (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जीएफ एवं एफएफ रास लेकव्यू गोपालपुरा रोड़, प्लाट नं. ए-10, भरदाला तहसील महू इंदौर मध्य प्रदेश 453441 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - कॉलोनी का अन्य प्लाट, पश्चिम - कॉलोनी रोड़, उत्तर - प्लाट नं. ए 09, दक्षिण - प्लाट नं. ए 11 | 09-01-2026 एवं ₹ 25,94,271/- | 17-03-2026 |

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 19-03-2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड